हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

॥ A Golden Beginning with the Blessings of Ganpati Bappa ॥

OPENING TODAY

सबसे कम कीमत पर आभूषण*

ANAND®
Gold

Handmade Jewellery
2.99%*
Making Charges

Machine Made Jewellery
1.99%*
Making Charges

Antique Jewellery
3.99%*
Making Charges

HALLMARKED GOLD
BIS CERTIFIED JEWELLERS
BIS
100% HUID

ANAND®
Jewels

No Credit Card Charges

पंडरी, रायपुर

खबर संक्षेप



भोजली विसर्जन, महिलाओं ने किया सुवा नृत्य

पलारी। ग्राम पंचायत बिनौरी में पोल पर्व में भोजली दाई की विसर्जन किया गया। गांव की सुख समृद्धि खुशहाली जीवन कामना की नन्हे-नन्हें बालिका ने 10 रोज भोजली दाई की सेवा भाव से पूजा पाठ आज विर्सजन की उसके बाद भोजली माता की एक दूसरे की कान में जेवारा को डाले और उसके बाद पोरा में चिला रोटी भरकर नीम की पेड़ में फोड़ा जाता है उसके बाद दीदी महतारी मन अपने संगी संगवारी के साथ सुवा नृत्य किया गया। आज की पर्व पोरा त्योहार धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू, नारायण यादव, मनी राम यादव, सालिक राम साहू, भागबलि यादव, बुधारू साहू, हरिचन्द्र साहू, गेंदराम साहू, लक्ष्मण ध्रुव, छेदू राम साहू, लालिया धीवर, राम लाल धीवर उपस्थि रहे।

पेज 3 के शेष

ग्रामीणों ने शराब...

इसी तरह स्कूल में उपस्थित बच्चों ने भी इस बात पुष्टि की, विद्यार्थियों ने स्पष्ट रूप प्रधान पाठक के मनमानी को बताया। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी आज ही ग्रामीणों के माध्यम मिली है और इसकी तत्काल जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

संगठित रहने से...

कंवर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपए की मांग रखी थी, जिसकी मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आज उसी भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा 200 आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रयास के माध्यम से आईएएस एवं आईपीएस की कोचिंग के लिए दिल्ली में अध्ययन की सुविधा दिए जाने की जानकारी भी दी। अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के समक्ष शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए 25 लाख रुपए की मांग रखी। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए विकास कार्यों से संबंधित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।

वीर नारायण सिंह...

उन्होंने कहा कि समाज में एकता होगी तो रोटी-बेटी के संबंध सहित सभी सामाजिक गतिविधियों में एकरूपता एवं मजबूती आएगी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनु. जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष कुसुम लता पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मण्डल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, सभापति मोरध्वज पैकरा सहित समाज के पदाधिकारी, समाज प्रमुख सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





पर्व : गली भ्रमण कर देवी-देवताओं की पूजा, सुख-समृद्धि की कामना

मायके आई बेटियों ने पोरा पटक कर दी भोजली को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े भोजली पर्व का समापन भवानीपुर और अंचल सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ भोजली विसर्जन कर किया गया। पोरा तिहार के अवसर पर गांव में बोई गई भोजली का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस दौरान ससुराल से मायके आई बेटियों ने पोरा पटक कर पर्व को और भी खास बना दिया। पूरे गांव में इस दौरान गांव में जसगीत, सुआ गीत और भोजली गीतों की गूंज सुनाई दी। पारंपरिक पर्व ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और सामूहिकता की सुंदर तस्वीर पेश की। भक्ति, उमंग और लोक संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भोजली विसर्जन से पहले ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से गली भ्रमण किया और गांव के ग्राम देवी-देवताओं के स्थानों पर पूजा-अर्चना की। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर सुख, समृद्धि, खुशहाली और गांव की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मां भोजली को विदाई दी गई।



जसगीत और सुआ नृत्य की रही धूम

विसर्जन कार्यक्रम के दौरान माता सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत जसगीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जसगीतों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं बालिकाओं ने पारंपरिक सुआ गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में लोक संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। भोजली विसर्जन में ग्रामीणों के साथ युवक-युवतियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और पारंपरिक पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। पूरे गांव में भोजली के गीतों और भक्ति भाव से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर ससुराल से मायके आई बेटियों ने पोरा पटक कर पर्व को और भी यादगार बना दिया। बेटियों ने अपने परिवारजनों के साथ मिलकर भोजली पूजन और विसर्जन में भाग लिया। गांव की महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। बच्चों और युवाओं ने भी उत्साह के साथ भोजली विसर्जन यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम में गांव के उपसरपंच फागू सेन, संतोष साहू, दयालु निषाद, चरण निषाद, फत्ते साहू, उत्तम साहू, पंकज साहू, राजेश साहू, पुनीत देवांगन, केशव ध्रुव, माधव साहू, श्यामू यादव, श्यामरतन ध्रुव, देवनाथ साहू, फिरन ध्रुव, चंदन ध्रुव, शोभा साहू, जीवन ध्रुव, झब्बू ध्रुव, कृष्ण देवांगन, वंश चंद्राकर, बडू निषाद, चैत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पोरा पर भोजली, मटकी फोड़ व सुआ नृत्य प्रतियोगिता

करहीबाजार। पोला तिहार के अवसर पर करही बाजार में गांव के वरिष्ठजनों द्वारा भोजली प्रतियोगिता, मटकी फोड़ एवं सुआ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पारंपरिक लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी। भोजली प्रतियोगिता में महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने उपस्थित लोगों में खूब उत्साह भरा। सुआ नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई। वरिष्ठजनों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी परंपरा, संस्कृति और लोककला को जीवंत रखने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल, जनपद प्रतिनिधि रेवती राजेश पटेल, अजरदास मानिकपुरी, लाला केशरवानी, बसंत देवांगन, रघुवर केसरवानी, रामकुमार यादव, हीराराम पटेल, रामकुमार पटेल, सुखचंद देवांगन, हनुमान पाल, मोतीराम देवांगन, उदय देवांगन, जनता पटेल, ईश्वर यादव, कृष्ण दास मानिकपुरी, मुलशंकर पटेल, शत्रुघ्न पाल, लखन निषाद, तेजराम यादव, राजेश्वर यादव, घनश्याम पटेल उपस्थित थे।



मदार की थाप और गीतों के साथ हुआ भोजली विसर्जन

मुंडा। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में गुरुवार को मदार की थाप पर भोजली गीत गाते हुए भोजली विसर्जन हुआ। ज्ञात हो की पुरानी परंपरा को निर्वाहन करते हुए खोलाबहरा वर्मा के यहां मोहल्ला भर के लोग कृष्ण जन्माष्टमी भादो मास के अष्टमी तिथि को भोजली बोया गया था जिसे भोजली माता कि 7 दिन तक शाम होते ही भोजली गीत गाकर सेवा किया और भादो में पोला त्योहार अमावस्या को ही विसर्जन के लिए बाजे- गाजे के साथ देवी गंगा देवी गंगा भोजली गीत गाते हुए नया तालाब में एक साथ जाकर भोजली विसर्जन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया जिसमें सम्मिलित दतराम वर्मा, पुरैना बाई वर्मा, बूया वर्मा, शुक्लहीन, नम्मी, संजू, नीरी, किरण, तरुणा, आंचल, हिरि, विक्की, यशोदा, सुरातन, दिव्या, ढुकलहीन सभी परिवार सम्मिलित रहे।



टीआई ने दी सुरक्षित ब्राउजिंग की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पलारी के शासकीय महाविद्यालय वटगन में थाना पलारी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमे थाना प्रभारी टीआई परिवेश तिवारी द्वारा स्मार्टफोन प्राइवेसी व सुरक्षित ब्राउजिंग के तहत विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की उन्हें बताया कि साइबर क्राइम के बारे जानकारी दी गई कि किस तरह आजकल साइबर के माध्यम से अपराध किए जा रहे है, सोशल मीडिया के इस दौर में हर आम इंसान को इसकी जानकारी होनी चाहिए और छात्र छात्राओं को अपने आसपास और घर परिवार में जागरूक करने तथा क्यू आर कोड स्कैन कर जागरूकता की एक सेल्फी लेने और युवा शक्ति को इस अभियान से जुड़ने की अपील की। हवलदार दिनेश कुमार द्वारा यातायात नियमों के बारे में पालन करने और पालन करवाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरक्षक मनोज कुमार वर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य सीके जलहरे, सहायक प्राध्यापक शैलेंद्र कुमार वर्मा, रामप्रकाश जोशी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण सिंह पैकरा, अतिथि व्याख्याता डॉ. नोहर सिंह डहरिया, पुष्पा वर्मा, पूजा कंवर, लिमेश वर्मा, शुभम भारद्वाज, उमेश कुमार श्रीवास, लैब टेक्नीशियन प्रीति टंडन, अर्चना टंडन कार्यालयीन स्टॉफ प्रशांत आनंद शुक्ला, शशि जलक्षत्रि, लीलाधर चंद्राकर व महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

- वटगन कॉलेज में साइबर क्राइम और यातायात नियमों पर जागरूकता अभियान



लीनेश क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ऑल इंडिया लीनेश क्लब के तत्वाधान में आदर्श विद्यालय सिमगा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की तैलीय चित्र पर पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्लब मेंबरों का तिलक लगाकर एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों को क्लब मेंबर के द्वारा उपहार प्रदान कर तिलक लगाकर सम्मान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को क्लब द्वारा पेन एवं सीश व केले का वितरण किया गया। प्राथमिक विभाग के संस्था प्रमुख ध्रुव सर द्वारा स्वागत भाषण देने के पश्चात मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख राजवर्धन भोंसले ने सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। लिनेश क्लब के सिमगा के अध्यक्ष सोनल जैन ने बच्चों से अच्छे से पढ़ाई करके के लिए प्रेरित किया डिस्ट्रिक प्रेसिडेंड रश्मि अग्रवाल ने लिनेश क्लब के हाथों को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनने के लिए आह्वान किया। जिला प्रशासनिक सचिव विभा भूटान के अपने क्लब मेंबरों के उत्साह वर्धन के लिए शानदार गीत गाया। लीनेश क्लब सिमगा के द्वारा जिला पदाधिकारियों का तिलक लगाकर उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनकर मैडम द्वारा किया गया।



एक्सीडेंट में महिला की मौत, 11 माह का बेटा घायल

महासमुंद। सिरगिड़ी मोड़ के पास बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। वहीं उसका 11का बेटा घायल हो गया। 29 अगस्त को खट्टी (कोना) निवासी दीपक पटेल अपनी बाइक सीजी 04 सीडब्लू 0738 से अपनी पत्नी तुलेश्वरी पटेल (28 साल) एवं बेटे यदित्या पटेल (11 माह) को बिठाकर खरियार रोड से रायपुर जा रहा था। रास्ते में करीबन 09.30 बजे सिरगिड़ी मोड़ के आगे पीछे से आ रहे स्पलेंडर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचडी 9650 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी तुलेश्वरी पटेल बच्चे सहित मोटर सायकल से गिर गयी, जिससे तुलेश्वरी पटेल के सिर में गंभीर चोट लगी, साथ ही बच्चा के सिर में भी चोट लगी। दोनों को इलाज हेतु एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान तुलेश्वरी पटेल की 8 सितंबर को मौत हो गई।

शिक्षक सम्मान समारोह में 15 गांवों के 110 शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शिक्षक दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा कार्यक्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के कार्यक्षेत्र के 15 गांवों से पहुंचे 110 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, संस्कार देने तथा उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने के प्रयासों की सराहना की गई। प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें अनुशासन, नैतिक मूल्यों, संस्कार, जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सिम्पी सिंह, सेफ्टी विभाग प्रमुख आलोक पाठक, एडमिन मैनेजर अक्षय प्रकाश झा एवं सिक्योरिटी इंचार्ज राजू सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में शिक्षकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक सीमित संसाधनों के बीच भी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।



न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)
रा.मा.क्रमांक 202609110300006 अ/6
वर्ष 2025-26
ग्राम - बहेसर, प.ह.नं. 17

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनमोहन लाल वर्मा पिता बहल राम वर्मा, निवासी-बहेसर द्वारा ग्राम बहेसर, प.ह.नं. 17 स्थित बहल राम पिता बिसराम की भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 389/9, 401, 514/1, 514/3, 514/4, 514/5, 580/1 रकबा क्रमशः 0.052, 0.190, 0.061, 0.097, 0.174, 0.081 हे. कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 0.683 हे. से खातेदार बहल राम पिता बिसराम की मृत्यु दिनांक 15.07.2026 को हो जाने के कारण उक्त भूमि को वसीयतनामा दिनांक 21.05.2026 के आधार पर अपने नाम से दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 16.09.2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

मुहर

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा- नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
रा.मा. क्रमांक 202607110300105
अ / 27 वर्ष 2025-26
ग्राम -भूमिया, प.ह.नं. 1

राजस्व मामले की नोटिस

प्रति,
(1) शेखर साहू पिता राजाराम साहू, (2) भूपेन्द्र साहू पिता राजाराम साहू, (3) सुनेना साहू पति राजाराम साहू, ग्राम-भूमिया, तहसील-तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक जगत राम साहू पिता खोरबाहरा साहू निवासी– भूमिया द्वारा ग्राम भूमिया, प.ह.नं. 1 स्थित अपनी संयुक्त स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 198/1, 198/2 रकबा क्रमशः 0.642, 0.797 हे. में खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में दिनांक 22/09/2026 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा

मुहर

भोजली विसर्जन, बैगाओं ने की सुख-समृद्धि की पूजा

खरोरा। पोला पर्व के पावन अवसर पर समीपस्थ ग्राम इल्दा में भोजली विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरा ग्राम उल्लास से भर गया। ग्राम की महिलाओं ने परंपरानुसार भोजली की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक लोकगीत गाते हुए विधिवत विसर्जन किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के चौक में पोला पर्व की परंपरानुसार आयोजन किया गया। गांव के बैगाओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर ग्राम की सुख-समृद्धि और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना की। भोजली विसर्जन के दौरान गांव में उत्सव और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर बैगा अरुण धीवर, नंद कुमार धीवर, अध्यक्ष कन्हैयालाल धीवर, सुरज साहू, महादेव साहू, पारस साहू, लक्ष्मी नारायण साहू सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता निभाई और भोजली विसर्जन का आनंद लिया। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत में भोजली पर्व का विशेष महत्व है। पोला पर्व के दिन भोजली विसर्जन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी परमानंद साहू ने दी।





हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

02
भोजली विसर्जन, महिलाओं ने किया सुवा नृत्य



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

गुमा में तीजहारिन खेल उत्सव 12 को

गुमा। तीजा पर्व के अवसर पर ग्राम गुमा में छठवें तीजहारिन खेल उत्सव का आयोजन 12 सितंबर, शनिवार को दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। इसमें तीजा मनाने मायके आईं बहनों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षक चेतना के संयोजक महेश वर्मा होंगे। अध्यक्षता सरपंच चंद्रकांता होमेश साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पलारी नम्रता राजेश ध्रुव, उपसरपंच तुकेश यादव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति में संयोजक भोजराम वर्मा, अध्यक्ष परस राम साहू, उपाध्यक्ष होमेश साहू, सचिव भूपेंद्र वैष्णव एवं कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू सहित सदस्य सहयोग करेंगे। आयोजकों के अनुसार उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को खेलों से जोड़ने के साथ मनोरंजन, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

जिले से तीन आदतन अपराधी एक साल के लिए जिला बदर





बलौदाबाजार। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना लवन अंतर्गत वार्ड 8 लवन निवासी देवा उर्फ देवनारायण जायसवाल पिता शिवप्रसाद जायसवाल, देवेंद्र उर्फ़ रिंकू वर्मा पिता गंगा प्रसाद वर्मा निवासी थाना भाटापारा अंतर्गत ग्राम देवरी एवं



थाना गिधौरी-टुंडरा अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी गयाराम पटेल पिता शिवलाल पटेल को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

महंत रामसुंदर दास ने हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए दान की 3.50 एकड़ भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक व अनुकरणीय पहल करते हुए रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ के पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर महंत रामसुंदर दास जी महाराज ने समग्र शाला शासकीय हाई स्कूल छड़िया के नवीन शाला भवन निर्माण के लिए 3.50 एकड़ भूमि दान में दी है। इस पुनीत कार्य के लिए समग्र शाला शासकीय हाई स्कूल छड़िया एवं पीएमश्री प्राथमिक शाला छड़िया के समस्त स्टॉफ ने ग्राम छड़िया स्थित श्री बालाजी बाड़ा पहुँचकर महाराज जी से सौजन्य मुलाकात की। शाला परिवार ने महंत जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य रविकांत पटेल ने कहा कि महंत जी महाराज का यह अतुलनीय सहयोग क्षेत्र के हज़ारों विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा।इस अवसर पर शाला के प्राचार्य रविकांत पटेल ने कहा कि महंत जी महाराज का यह सहयोग क्षेत्र के हज़ारों विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने वाला है। नवीन भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर शाला परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। ग्रामवासियों एवं पालकों ने भी हृदय से आभार व्यक्त किया है।

नवीन भवन के निर्माण से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी



हजारों विद्यार्थियों का भविष्य होगा उज्जवल

नवीन भवन के निर्माण से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। वहीं संकुल समन्वयक मुकेश कुमार साहू ने कहा कि संत-महात्माओं द्वारा शिक्षा के प्रसार के लिए किया गया यह भू-दान पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणास्रोत है। इस दौरान शाला परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। भूमि दान की इस पहल से ग्रामवासियों एवं अभिभावकों में भारी हर्ष व्याप्त है और सभी ने महाराज जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

00: जिले के 54 गांव होंगे प्रभावित, लोगों ने खुद शुरू की कार्रवाई

फोरलेन परियोजना, अतिक्रमण हटाने का काम शुरू, विभाग ने जारी किया 400 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रायपुर से सारंगढ़ तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना को लेकर अब जमीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले अतिक्रमणों को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) की ओर से संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस मिलते ही कई लोगों ने सड़क किनारे किए गए अपने निर्माण व अन्य अतिक्रमणों को स्वयं हटाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार करीब 4 हजार करोड़ रुपए की लागत से रायपुर धनेली से सारंगढ़ तक लगभग 189 किलोमीटर लंबी सड़क को फोरलेन में तब्दील करने की योजना है। परियोजना के तहत सड़क की जद में आने वाले अतिक्रमण और अन्य बाधाओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रस्तावित फोरलेन परियोजना से बलौदाबाजार जिले के करीब 54 गांव प्रभावित होंगे। वहीं सारंगढ़ जिले के लगभग 59 गांव सड़क निर्माण की जद में आएंगे। दोनों जिलों में सड़क किनारे स्थित कई निर्माण और जमीनें परियोजना से प्रभावित होने की संभावना है। विभाग द्वारा प्रभावित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग बलौदाबाजार की ओर से जारी नोटिस में संबंधित लोगों को निर्धारित अवधि में स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाए जाने और इसकी लागत संबंधित व्यक्ति से वसूल किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

नवंबर तक अतिक्रमण हटाने का लक्ष्य, इसके बाद निकलेगा सड़क चौड़ीकरण का टेंडर







करीब 400 लोगों को नोटिस

फोरलेन परियोजना के तहत बलौदाबाजार जिले में करीब 400 लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। नोटिस मिलने के बाद कई लोग स्वयं सड़क किनारे किए गए निर्माण और अन्य अतिक्रमण हटाने में जुट गए हैं। इससे विभाग को आगामी कार्रवाई में सहूलियत होने की उम्मीद है।

नवंबर तक हटेगा अतिक्रमण

परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार नवंबर तक अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रस्तावित परियोजना में सकरी बाईपास पर ओवरब्रिज तथा गिधौरी में बाईपास निर्माण भी शामिल है। फोरलेन बनने के बाद रायपुर से सारंगढ़ के बीच आवागमन सुगम होने के साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार की उम्मीद है।



डीजे की धुन और आतिशबाजी के बीच हुआ गणपति आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा पिछले 10 वर्षों से खरोरा नगर में भगवान श्री गणेश की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस वर्ष भी समिति द्वारा भव्य गणेश प्रतिमा तैयार कराई गई है। गणेश चतुर्थी के पूर्व ही समिति द्वारा नगर में गणपति बप्पा का भव्य आगमन कराया गया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बीती शाम श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की विशाल प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन और आकर्षक आतिशबाजी के बीच श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा का जोरदार स्वागत किया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। शोभायात्रा में खरोरा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष गणेश उत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। गणेश प्रतिमा की स्थापना के लिए भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर की तर्ज पर किया जा रहा है, जो गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। गणेश चतुर्थी के पूर्व ही गणपति बप्पा के भव्य आगमन से खरोरा नगर में उत्सव का माहौल बन गया है। नगर में जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं के आगमन और स्थापना की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

डायल 112 की तत्परता से बची जान

पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया यूरिया खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में पारिवारिक विवाद के चलते एक 24 वर्षीय युवक ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए यूरिया खाद का सेवन कर लिया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर युवक को तत्काल सीएचसी कसडोल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच गई। घटना 10 सितंबर 2026 की है। डायल 112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक युवक ने यूरिया खाद का सेवन कर लिया है और उसकी हालत बिगड़ रही है। सूचना मिलते ही कसडोल क्षेत्र की 112 ईआरवी टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची। टीम ने गंभीर हालत में



मिले युवक को तत्काल 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया। समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से युवक की हालत में सुधार आया और उसे होश आ गया। युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने समय पर सहायता पहुंचाकर उसकी जान बचाने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस और डायल 112 टीम का आभार जताया।

प्रधान पाठक पर आरोप

ग्रामीणों ने शराब पीकर गायब रहने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

कसडोल विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुका है। अभी प्राथमिक शाला चकरबाय का मामला शांत ही नहीं हुआ एक और मामला सामने आ गया। बार मामला कसडोल विकासखंड के ग्राम पंचायत कोटियाडीह का है जहां प्रधानपाठक रामाधार पुरेना पर आरोप लगा है की गुरुवार को ग्राम कोटियाडीह के ग्रामीण 50 से 60 लोगों की संख्या में शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे जहां प्रधान पाठक रामाधार पुरेना स्कूल से गायब मिले साथ ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नहीं हुआ है ये हमेशा से ऐसे ही



मनमानी करता आ रहा है। शराब पीकर स्कूल आना इसका आदत बन चुका है साथ ही सुबह स्कूल समय में ऑनलाइन हाजिरी दिलाकर चला जाता है और शाम को छुट्टी से पहले शराब पीकर चेक आउट करने बस आता और कभी रुकता भी है तो शराब के नशे रहता है। ⏭ शेष पेज 02 पर

पोला पर्व के पावन अवसर पर

भरुवाडीह कला में भोजली विसर्जन



खरोरा। पोला पर्व के पावन अवसर पर ग्राम भरुवाडीह कला में भोजली विसर्जन का कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। ग्राम की महिलाओं द्वारा परंपरानुसार भोजली की पूजा-अर्चना कर लोकगीत गाते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा और सांस्कृतिक विरासत में भोजली पर्व का विशेष महत्व है, जिसे पोला पर्व के दिन ही विधिवत विसर्जित करने की परंपरा है। कार्यक्रम में ग्रामवासी मोहन साहू, योगेश निषाद सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

पोला तिहार में जीवंत हुई प्रदेश की परंपरा

महिलाओं ने खेली कबड्डी, राहगीरों की टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पोला तिहार बलौदाबाजार शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दौरान चौक-चौराहों पर पोला पटकने की परंपरा निभाई गई। वहीं शहर के चौपाटी में उस समय छत्तीसगढ़ की पुरानी खेल परंपरा जीवंत होती नजर आई, जब महिलाओं ने उत्साह के साथ कबड्डी खेली।

एक समय पोला और तीजा पर्व के दौरान ग्रामीण अंचलों में महिलाएं अपने मायके पहुंचती थीं। इस दौरान गांव के चौक-चौराहों पर कबड्डी सहित विभिन्न छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों का आयोजन होता



था। महिलाएं और युवतियां इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। बदलते समय के साथ आधुनिक मनोरंजन के साधनों के बढ़ने से ये पारंपरिक खेल और रीति-रिवाज धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं।

ऐसे में बलौदाबाजार शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले चौपाटी में महिलाओं द्वारा कबड्डी खेलकर पुरानी परंपरा को जीवंत करने का प्रयास किया गया।

राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना मैच

महिलाओं के कबड्डी खेलने का दृश्य राहगीरों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। सड़क से गुजर रहे लोग कुछ देर रुककर पारंपरिक खेल का आनंद लेते नजर आए। महिलाओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कई पारंपरिक खेल और लोक परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। इन्हें केवल यादों तक सीमित न रखते हुए आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने और जीवित रखने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से पोला तिहार के अवसर पर शहर में पारंपरिक कबड्डी खेली गई। उनका कहना था कि आधुनिक दौर में भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखना जरूरी है।

कसडोल में 50 लाख की लागत से बने कंवर समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण

संगठित रहने से समाज को मिलेगी मजबूती : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कंवर समाज कसडोल नगर के लिए 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल्या देवी साय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कसडोल विधायक संदीप साहू , पूर्व केंद्रीय मंत्री नंद कुमार साय उपस्थित रहे। भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के कसडोल प्रवास के दौरान उन्होंने ⏭ शेष पेज 02 पर





वीर नारायण सिंह के संघर्ष और बलिदान को किया याद

पूर्व केंद्रीय मंत्री नंद कुमार साय ने अपने संबोधन में शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष एवं अंग्रेजों के खिलाफ उनके साहसिक योगदान को याद किया। उन्होंने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और वीर नारायण सिंह के बलिदान का उल्लेख करते हुए उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कसडोल विधायक संदीप साहू ने कसडोल में निर्मित स्टेडियम का नामकरण शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर करने की मांग रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कौशल्या देवी साय ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि कंवर समाज प्रकृति की पूजा करने वाला समाज है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से संगठित होकर रहने का आह्वान किया। ⏭ शेष पेज 02 पर

पोला पर कोरदा में अनोखी परंपराः पैसों से नहीं, रोटी-ठेठरी के बदले मिलते हैं खिलौने



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

बलौदाबाजार जिले की लवन तहसील में स्थित ग्राम पंचायत कोरदा में पिछले सैकड़ों सालों से पोला (पोरा) तिहार मनाने की एक बेहद अनूठी और गजब की परंपरा चली आ रही है। जहां पूरे प्रदेश में पोला के दिन मुख्य रूप से पशुधन (बैलों) और मिट्टी के नांदिया बैलों की पूजा की जाती है, वहीं ग्राम कोरदा की यह खास परंपरा सामाजिक समरसता, पुरानी विनिमय प्रणाली और ग्रामीण एकजुटता का एक अद्भुत उदाहरण पेश करती है। यहां के महिलाएं और बच्चे हफ्ते भर पहले से सजाने और घर घूदिया बनने लगी रहती है। बच्चे और जवान महीनों से तरह तरह के खिलौने बनाने लगे रहते हैं फिर पोला दिन बाजार लगाकर बे च ते हैं। सरपंच प्रतिनिधि अश्वनी वर्मा ने बताया कि यहां की परंपरा सबसे अजीब है सबसे अनोखी बात यह है कि पोला पर्व के दिन गांव के तालाब के पार एक विशेष बाजार सजता है।ग्रामवासियों की आपसी एकजुटता इतनी मजबूत है कि चाहे कितनी भी तेज बरसात हो या कोई अन्य प्राकृतिक बाधा आए, वे हर साल इस हाट-बाजार और परंपरा का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ करते हैं। बच्चों को न केवल अपनी माटी और कृषि संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि उन्हें अपनी लोक कला और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का व्यावहारिक ज्ञान भी देती है। छत्तीसगढ़ के लोक-जीवन में जहां भी आधुनिकता का असर दिख रहा है, कोरदा जैसी जगहें अपनी इस सैकड़ों साल पुरानी गजब की परंपरा के दम पर आज भी संस्कृति की पहचान को दुनिया में रोशन कर रही हैं।

कोरदा में पोला पर सजता है विशेष बाजार



बारिश भी नहीं रोक पाती आजादी के पहले की यह अटूट परंपरा

इस बाजार में खिलौने, मिट्टी के घर या अन्य सामग्रियां खरीदने के लिए पैसों का लेन-देन नहीं होता, बल्कि लोग केवल रोटी, बोबरा, ठेठरी, खुर्मी और अन्य पारंपरिक पकवानों के बदले सामान खरीदते हैं। इसे प्राचीन वस्तु-विनिमय पद्धति का जीवंत रूप माना जाता है। गांव के पुरुष कागज के अद्भुत और आकर्षक फूल, बांस की खपच्चियों के खिलौने और मिट्टी की कलाकृतियां तैयार करते हैं और उन्हें रोटी के बदले बेचते हैं। महिलाएं और युवतियां मिलकर 'घरौंदा' (मिट्टी के छोटे-छोटे सुंदर घर) और मिट्टी के चूल्हे-बर्तन (दीया-चुकी) अपने पारंपरिक तरीकों से बनाती हैं। यह परंपरा आजादी के पहले से अविरल चली आ रही है।

खबर संक्षेप

टेहका रेलवे फाटक 15 से 18 सितंबर तक रहेगा बंद

भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत भाटापारा क्षेत्र में रेलवे समपार टेहका फाटक (निपनिया–भाटापारा) में रेल मरम्मत का आवश्यक कार्य किया जाना है। 15 सितंबर, मंगलवार सुबह 09:00 बजे से 18 सितंबर, शुक्रवार सुबह 09:00 बजे तक उक्त रेलवे समपार पर सड़क वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।
रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आम नागरिकों से अपील करता है कि उक्त अवधि में टेहका रेलवे फाटक का उपयोग न करते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करें। रेलवे प्रशासन इस आवश्यक मरम्मत कार्य के दौरान आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

विकास निधि में भेदभाव का आरोप, जांच की मांग

बलौदाबाजार। नगर के वार्डों में विकास कार्यों एवं निधि आवंटन में कथित भेदभाव का आरोप लगाते हुए शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने वार्ड क्रमांक 1, 4, 11, 15, 17 एवं 20 में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की तत्काल समीक्षा और सर्वे कराने की मांग की।



आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कुछ वार्डों को राजनीतिक कारणों से विकास कार्यों में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही है। त्रिवेदी ने सभी वार्डों में स्वीकृत एवं खर्च की गई विकास निधि का वार्डवार विवरण सार्वजनिक करने, जरूरतमंद वार्डों में कम से कम 20 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत करने तथा निधि आवंटन में किसी भी प्रकार के राजनीतिक, सामाजिक या जातिगत भेदभाव की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि "विकास किसी राजनीतिक दल की कृपा नहीं, बल्कि जनता का अधिकार है। उन्होंने कलेक्टर से पारदर्शी एवं समान विकास नीति अपनाने की मांग की है।

सालडबरी में एक घर से सोना-चांदी के जेवर चोरी

महासमुंद। ग्राम सालडबरी के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। नरेंद्र के घर से सोने के मराठी माला 12010 रुपए, सोने का गेंहू दाना 2 नग, चांदी का लॉकेट 1 नग 1440 रुपए, चांदी का बिछिया 1 जोडी, चांदी की पायल 2450 रुपए कुल कीमत 15900 रुपए के सामान की चोरी हो गई।

तिहार : पोला पर्व पर रावणभाठा मैदान में हुई बैल दौड़ प्रतियोगिता हुई

पोला त्योहार ने ग्रामीण खेलों व कृषि जीवन से जुड़ी विरासत को जीवंत रखा है : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और कृषि परंपरा से जुड़े पोला पर्व के अवसर पर हिन्द युवा संगठन के तत्वावधान में रावणभाठा मैदान में भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता का लगातार 38 वें वर्ष का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक इन्द्र साव ने पुरस्कृत किया। प्रथम पुरुष्कार भोलू यादव द्वितीय पुरुष्कार टेकराम साहू एवं तृतीय पुरुष्कार दीपांशु साहू को दिया गया। सभी प्रतिभागी को सांत्वना पुरुष्कार दिया गया। इस आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों एवं किसानों में जबरदस्त खासा उत्साह था।पोला पर्व किसानों और पशुधन के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का पर्व है। इस दिन किसान अपने कृषि कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बैलों की पूजा-अर्चना कर उन्हें सजाते हैं। इसी पारंपरिक भावना को आगे बढ़ाते हुए रावणभाठा मैदान में बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में आकर्षक रूप से सजे बैल जोड़े ने हिस्सा लिया। मैदान में बैलों की दौड़ का रोमांच देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाये और नगरवासीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति, ग्रामीण खेलों और कृषि जीवन से जुड़ी विरासत को जीवंत बनाए रखना है, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी लोक परंपराओं से परिचित हो सके।



ग्रामीण खेलों और संस्कृति को सहेजना जरूरी: इन्द्र साव

श्री साव ने पोला पर्व की बधाई देते हुए कहा की ऐसा आयोजन छत्तीसगढ़ी तीज त्योहार और परम्पराओ को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है हमे अपनी संस्कृति को सहेज कर रखना बहुत जरूरी है। साव ने आगे कहा कि पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और सामाजिक सद्भाव का पर्व हैं। पूरे प्रदेश में इस त्योहार को पारंपरिक पर्व के रूप में पूरे सम्मान एवं नए उत्साह के साथ मनाया जाता है। विधायक साव ने इस आयोजन के आयोजकों को बधाई दी। इसके पूर्व विधायक श्री साव ने प्रतिभागी बैलो की पूजा अर्चना फुल माला, गुलाल लगाकर की। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुकृत साहू, जीडी मानिकपुरी, पूर्व एल्डरमैन सुधे राम वर्मा, नगर साहू संघ अध्यक्ष राजेश साहू, घनाराम साहू, अशोक ध्रुव, पूर्व एल्डर मेन मुकेश साहू, पुनीत दास मानिकपुरी, हलधर शर्मा, राजू वर्मा, गेंदु साहू पार्षद, रघु साहू, रामचंद्र साहू गिरधारी साहू, बाला साहू, यशवंत साहू टेकराम सेन सहित काफी संख्या मे नगरवासी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

पोला पर्व पर बच्चों ने दौड़ाए नांदिया बैल, घर-घर बने पारंपरिक पकवान



खरोरा। आज छत्तीसगढ़ के पारम्परिक पर्व पोला के मौके पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास से पर्व मनाया जा रहा। सुबह मिट्टी के नांदिया बैल को सजाकर घरों में पूजा की गई। साथ ही घरों में पारंपरिक पकवान बनाया गया। अनेक बच्चों ने पर्व का लुत्फ उठाते हुए नांदिया बैल दौड़ाया। पोला पर्व पर पारम्परिक पकवान भी बनाये जाते है। यह परम्परा आज भी जारी है। उल्लेखनीय है कि छग प्रदेश में पोला पर्व का बड़ा महत्व है। यह हमारी संस्कृति की पहचान है। यह पर्व भादो माह अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। पोला पर्व पर बैलों को नहलाकर उनके सिंग व खुर को सजाया जाता है। गले में घुंघरु, घंटी व कौड़ी से बने आभूषण पहनाया जाता है। बैलों कृषि उपकरणों की पूजा की जाती। किसानों द्वारा खेती के लिए बैलों के योगदान के लिए उनका पूजा कर कृतज्ञता दर्शाई जाती है। पोला पर्व की पूर्व रात्रि को गर्भ पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है। अर्थात धान के पौधों में दूध भरता है। इसी कारण पोला पर्व के दिन कृषि कार्य नहीं किया जाता है। पोला पर्व पर कई पारम्परिक आयोजन किया जाता है।बुजुर्गों ने बताया कि एक जमाना था जब पोला पर्व में गांवों में बैल दौड़ स्पर्धा का आयोजन होता था। इसका उत्साह किसानों में देखते ही बनता था। इस प्रकार वे अपने बैलों को आकर्षक ढंग से सजाकर स्पर्धा में भाग लेते थे। इसे देखने पूरे गांव का हुजुम उमड़ पड़ता था। स्पर्धा में विजेता एवं उपविजेता बैल के पालकों को पुरूष्कृत किया जाता था लेकिन आधुनिकता के चकाचौंध में बैल दौड़ स्पर्धा की परंपरा लुप्त हो रही है। पोला पर्व पर बैल दौड़ स्पर्धा की व परंपरा लंबे समय से चली आ रही थी। पोला पर पहले बच्चे नादिया बैला लेकर गलियों में खूब धमा चौकड़ी करते थे।

पीएम श्री विद्यालय खरोरा में पोला पर्व पर ठेठरी, खुरमी और चौसेला के लगे स्टॉल





खरोरा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा, कृषि संस्कृति एवं ग्रामीण जीवन से जुड़े लोकपर्व पोला के अवसर पर पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक नंदी-बैल पूजा के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने मिट्टी से निर्मित बैलों को आकर्षक ढंग से सजाकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। इनमें ठेठरी, खुरमी, चिला, फरा, गुलगुला भजिया, अइरसा, देहरौरी, बरा, मुठिया, अंगाकर रोटी, चौसेला एवं विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन शामिल रहे। विद्यार्थियों ने इन व्यंजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खान-पान संस्कृति को करीब से जाना। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को पोला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पोला छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान जीवनशैली और लोक संस्कृति का म ह त्व पू र्ण पर्व है। यह किसानों एवं पशुधन के बी च आ त मी य संबंध तथा कृषि कार्य में बैलों के योगदान के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता है। व्याख्याता शाहिना परवीन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान एवं सामाजिक एकता के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, मोंगरा साहू, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, शिवांगी निषाद, सरोज हंसराज एवं समस्त विद्यालयीन छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

महिलाओं ने निभाई पोरा पटकने की रस्म, खेले पारंपरिक खेल



हिरमी रावन। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पोरा तिहार का पर्व अंचल के हिरमी, मोहरा, सकलोर, भटभेरा, भालेसुर, बरडीह, कुथरौद, परसवानी में हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने अपने बैलों को स्नान कराकर आकर्षक ढंग से सजाया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। जिन घरों में बैल नहीं थे, वहां मिट्टी के बैल बनाकर उनकी पूजा की गई। पोरा तिहार के अवसर पर घरों में जाता एवं पोरा की पूजा कर चीला, बोबरा, भजिया सहित अनेक पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया। पर्व को लेकर बच्चों, युवाओं और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

बच्चों ने मिट्टी से बनाए नदिया-बैला को दौड़ाकर खूब आनंद लिया, वहीं लड़कियों ने जाता-चुकिया खेलकर छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं से जुड़ी खुशियां मनाईं। पर्व के दौरान महिलाओं ने भी पारंपरिक पोरा पटकने की रस्म में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बारिश और बदली के मौसम के बावजूद महिलाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। मायके आई महिलाओं ने शाम के समय पोरा पटकने की परंपरा निभाई और इसके बाद खो-खो, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों एवं मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर उत्सव का आनंद लिया। अंचल के कई गांवों में सजे-धजे बैलों की दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं बड़ी संख्या में लोग बैलों की दौड़ देखने पहुंचे। इससे पूरे गांव में उत्सव और उमंग का माहौल बना रहा। पोरा तिहार केवल कृषि और पशुधन से जुड़ा पर्व ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी ने मिट्टी के खिलौनों, पारंपरिक खेलों और लोक रीति-रिवाजों को करीब से जाना। किसानों द्वारा बैलों के प्रति सम्मान और महिलाओं-बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने पर्व की सांस्कृतिक महत्ता को और बढ़ा दिया।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मिली राहत

तारणी ने घर की छत पर लगवाया सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आमजनों को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने तथा बिजली के खर्च में राहत देने के उद्देश्य से संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिले के नागरिकों को मिल रहा है। योजना के माध्यम से परिवार अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाकर सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं और बिजली बिल में राहत प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम दशरमा निवासी तारणी घृतलहरे ने भी इस योजना का लाभ लेते हुए



अपने घर की छत पर सोलर पैनल इंस्टॉल करवाया है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी सुविधा का लाभ लेकर उन्होंने सौर ऊर्जा को अपनाने का निर्णय लिया। तारणी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले उनके घर का बिजली बिल काफी अधिक आता था। इसी वजह से उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी लेकर घर पर सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। अब सौर ऊर्जा का उपयोग करने से उन्हें बिजली बिल के खर्च में राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगवाने के बाद उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। यह आर्थिक बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा, "आप सभी भी अपने घरों पर सोलर पैनल अवश्य लगवाएं और बिजली बिल में राहत का लाभ उठाएं। सौर ऊर्जा को अपनाना हमारे परिवार के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।



